सावन का पहला सोमवार

हर हर महादेव से गूंजे शिवालय, जलाभिषेक किया

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. सावन के पहले सोमवार को शहर के शिवालयों में रविवार को आधी रात से ही श्रद्धालुओं की भीड़

शिव मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु, किसी ने वर तो किसी ने घर मांगा नंदी से

उमड़ने लगी। अचलेश्वर महादेव, गुप्तेश्वर महादेव, कोटेश्वर महादेव, भूतेश्वर महादेव, मार्कंडेश्वर महादेव, हजारेश्वर महादेव, मंगलेश्वर महादेव, बंधौली एवं गिरगांव के महादेव मंदिर सहित शहर के प्रमुख शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ देखकर अहसास हो रहा था कि मानो हर कोई आज भोले की भक्ति में लीन होना चाह रहा है। अचलेश्वर मंदिर पर भीड़ इतनी ज्यादा हो गई कि यहां चार पहिया वाहन डायवर्ट करना पड़े। जहां से भी गुजरो, वहां पर भक्त बम-बम भोले के जयकारे लगा रहे थे एवं शहर के शिवालय जय भोले के जयकारों से गूंज रहे हैं। श्रद्धालुओं ने घर एवं शिवालयों में भोलेनाथ का अभिषेक कर उन्हें धतूरा, बेलपत्र, भांग, दूध आदि अर्पित किए।

सजी दुकानें, और फुटपाथ पर फूलमालाओं की खूब हुई बिक्री-सावन में रोज कमाने खाने वालों पर भी महादेव की खूब कृपा बरस रही है। शहर के शिव मंदिरों के आस-पास बड़ी संख्या में अस्थायी दुकानें सजाई गई हैं। इन दुकानों पर फूल, बेलपत्र, दूध, दूर्वा, मालाओं की खूब 1 बिक्री हो रही है। लगातार हो रही बारिश से बचने के लिए दुकानवालों ने व्यापक इंतजाम किए हैं।

यह दुकानें तड़के तीन बजे से लगना शुरू हो रही हैं और देर रात तक मदिरों के पास सजी रहती हैं। इन दुकानों के चलते पूजा सामग्री के लिए महादेव के भक्तों को भटकना नहीं पड़ रहा है। इसके अलावा कई मंदिरों के आस-पास झूले वाले, खिलौने बेचने वाले भी पहुंच रहे है। इनकी भी इन दिनों खूब कमाई हुई है।

बाबा के भक्तों ने संभाली व्यवस्था- अचलेश्वर महादेव मंदिर पर सुबह 3 बजे से श्रद्धालु पहुंचने लगे। यहां पुलिस के महिला एवं पुरुष जवानों के साथ अचलनाथ के भक्तों को व्यवस्था के लिए तैनात किया गया था। मंदिर में श्रद्धालुओं को तीन द्वार से प्रवेश दिया गया एवं और तीन निकास द्वार से बाहर निकाला गया। तीन में से नंदी बाबा की ओर के एक प्रवेश द्वार को महिलाओ के लिए आरक्षित कर उन्हें प्रवेश दिया गया। पूजा के बाद महिलाओ को इसी द्वार से बाहर निकाला जा रहा है। मंदिर के चौथे द्वार पर बैरिकेड व रैलिंग लगाई गई है, जिससे भक्त बाहर खड़े होकर ही महादेव के दर्शन कर रहे है। मंदिर पर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहा। श्रद्धालुओ के दो पहिया वाहन जीवायएमसी के सामने और महादजी चौराहे के पास पार्क करवाए जा रहे हैं। चार पहिया वाहनों को सनातन धर्म मंदिर से रोशनीघर एवं हास्पीटल रोड की ओर डायवर्ट किया गया।

कोटेश्वर महादेव: सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलते ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया। कुछ ही देर में मंदिर में भक्तों की लंबी-लंबी कतारे लग गई। यहां दर्शनों के लिए महिला और पुरुषों की अलग कतारे लगाकर प्रवेश दिया गया।

मार्कंडेश्वर महादेव: फूलबाग स्थित मार्कंडेश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे मुख्य पुजारी ने अभिषेक किया। शाम को भगवान का विशेष श्रृंगार किया।

रामकुई स्थित हजारेश्वर महादेव मंदिर -रामकुई स्थित हजारेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों ने 1100 शिवलिंग एवं 55 शिवमुख वाले विशाल महादेव का अभिषेक किया।

भूतेश्वर महादेव: शब्दप्रताप आश्रम स्थित सिंधिया देवस्थान ट्रस्ट द्वारा संचालित मंदिर का गर्भगृह छोटा होने के कारण भक्त बाहर तक खड़े होकर इंतजार कर रहे थे।

महाकाल की पालकी यात्रा मुरार में धूमधाम से निकली

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. शिव भक्त मंडल समिति, मुरार द्वारा सावन के प्रथम सोमवार को बाबा महाकाल की बारहवीं पालकी शोभायात्रा श्री गिर्राज मंदिर, सदर बाजार से धूमधाम के साथ निकाली गई। बाबा की पालकी में शिवभक्त उनके भजनों पर झूमते हुए चल रहे थे। शहर की राहें भगवान भोले की भक्ति के सरोबर में डूबी दिखाई दी। शोभायात्रा मार्ग में पालकी यात्रा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

बाबा महाकाल का पालकी यात्रा का शुभारम्भ पंडित मुकेश मोहन पांडे एवं वंटी सिंहल ने बाबा महाकाल की आरती उतारकर किया। शोभायात्रा गिर्राज मंदिर से प्रारम्भ हुई जो अग्रसेन चौराहा, नगर निगम कॉलोनी, अल्पना टॉकीज, बजाज खाना, अकब गंज, सिंहपुर रोड, बारादरी चौराहा, सदर बाजार होते हुए गिर्राज मंदिर पर पहुंचकर सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में राजाधिराज बाबा महाकाल पालकी में सवार होकर चल रहे थे। शोभायात्रा में श्री गणेश, शिव पार्वती, हनुमान के स्वरूप रथ में विराजमान थे। भूतप्रेत, नन्दी बाबा के स्वरुप नाचते गाते हुए चल रहे थे, पालकी यात्रा के साथ शिवभक्त उनके साथ हर हर महादेव के जयकारें लगाकर साथ चल रहे थे। पालकी यात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर एवं बाबा महाकाल की आरती उतारकर शिवभक्तो ने धर्मलाभ लिया। शहर की राहे बाबा भोलेनाथ के जयकारों से गुजायमान हो रही थी। पालकी यात्रा मार्ग को दुल्हन की तरह सजाया गया, जो कि अलग ही छटा बिखेर रहे थे। बाबा की पालकी यात्रा में समिति के नितिन अग्रवाल, गौरव जैन, अजय राणा, मोनिस झा, विकास जैन लोकेश गुप्ता, सन्नी दंडोतिया, राहुल पाठक, सौरभ पांडे, राहुल अग्रवाल एवं सैकड़ो शिवभक्त मौजूद रहे।

15 से 30 जुलाई तक चलाया जाएगा नशा मुक्ति अभियान

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. एसोसिएशन ऑफ ग्वालियर यूथ सोसायटी जिला पुलिस ग्वालियर एवम् जिला प्रशासन के सहयोग से 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा इस आयोजन की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष संजय कटुल ने बताया कि हमारा एक ही

जन जागरूकता रथ सम्पूर्ण ग्वालियर में घूमेगा, साउंड सिस्टम से होगा प्रचार प्रसार

संदेश नशा मुक्त हो मध्य प्रदेश संजय कटुल ने बताया की पुलिस अधीक्षक ग्वालियर एवम् जिला कलेक्टर ग्वालियर के मार्गदर्शन एवम् निर्देश में आयोजित किया जा रहा है इस आयोजन में सब शहर वासियों की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है एक अच्छा प्रयास है इसमें आप और हम सभी को

कार्य करने की जरूरत है आप देख रहे हैं नशे की लत में हजारों परिवार बर्बाद हो रहें हैं हजारों जानें जा रहीं हैं लोगों की द्वारा इस 15 दिवसीय नशा मुक्ति अभियान में विभिन्न आयोजन आयोजित किए जाएंगे इसमें प्रमुख रूप से एक नशा मुक्ति अभियान के लिए जन जागरूकता रथ बनाया जा रहा है इस रथ में साउंड सिस्टम रहेगा बैनर पोस्टर रहेंगे एवम् स्लोगन भी रहेंगे जो सम्पूर्ण ग्वालियर में नशा मुक्ति का प्रचार प्रसार करेगा इस रथ की प्राथमिकता रहेगी ऐसी जगह ऐसी वस्ती में भी जायेगा जहां लेबर क्लास लोग रहते हैं इसके अतिरिक्त नशा मुक्ति अभियान पर बड़े स्तर पर चित्रांकन प्रतियोगिता शहर के सभी बड़े चौराहे पर बच्चों के माध्यम से संदेश देने का काम भी किया जायेगा नशा मुक्ति के स्लोगन लिखे बैनर पोस्टर हाथ में लेकर मानव श्रृंखला भी बनाई जायेंगी ओडियो के माध्यम से प्रचार प्रसार किया जायेगा

कल नशा मुक्ति जन-जागरूकता रथ को आई जी एवं डीआईजी एवं एसपी हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे- नशा नाश की जननी है इसे छोड़ो और अपने परिवार और शुभ चिंतक लोगों से अपील करें सभी नशा मुक्ति के लिए एक जुट हो नशा छोड़ो भविष्य बनाओ नशे का अंत कर जीवन की नई शुरुआत करें नशा मुक्त भारत स्वास्थ्य भारत नशा नहीं जीवन की सच्ची खुशी है नशें से दूर रहें और स्वास्थ हो जीवन पायें नशा मुक्ति ही जीवन की सच्ची जीत है नशा छोड़ो जीवन बनाओ.

देखो ऐसा ना करो, में आपसे फिर कह रहा हूँ लापरवाही बर्दाश्त नहीं : प्रद्युम्न सिंह

रविन्द्र सिंह चौहान

ग्वालियर 14 जुलाई. उपनगर ग्वालियर क्षेत्र के वार्ड 16 में जनसमस्याओं का अंबार लगातार बढ़ता जा रहा है लोगों की समस्याएं जब ऊर्जा मंत्री तक पहुंची तो वह तुरंत एक्शन में आए और निगम अधिकारियों एवं क्षेत्रीय पार्षद महेंद्र आर्य के साथ वार्ड 16 के चंदनपुरा, पुरानी रेशम

फावड़ा लेकर खुद नालियों की सफाई करते समय निगम अमले की लगाई फटकार

मंत्री से लेकर ठेकेदार सहित निगम अधिकारियों ने किया क्षेत्र का भ्रमण

मिल, न्यू रेशम मिल प्रगति नगर में लोगों के घर घर जाकर समस्याएं देखीं सभी जगह लगभग सीवर, नाली चौक की समस्या लोगों ने उन्हें बताई तो उसी समय ऊर्जा मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर ने खुद ही नालियों की सफाई शुरू कर दी नालियां साफ होते ही उनमें पानी का बहाव तेज गति से हो गया तब उन्होंने तत्काल निगम के सफाई अमले को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नाली, सीवर कहाँ से और किस वजह से जाम हो रहीं है उन्हें दिखवाईये और इसका निराकरण करवाइए मंत्री के निर्देश पर सफाई अमला पूरी मुस्तैदी के साथ कार्य मे लग गया क्षेत्र की नालियों को ठीक तरीके से साफ किया गया है सीवर निरीक्षण के

दौरान इंटक कर सामने बने चेम्बर को खुलवाया गया तो वह चौक था इस कारण जो एक नम्बर लाईन के पीछे से लाखों रुपये की लागत से जो सीवर की नई पाइप लाइन डाली गई है उसमें पानी वापिस लौट रहा था मंत्री ने सफाई अमले को चेंबर सफाई के निर्देश दिए उक्त चेंबर की सफाई अगर हो जाती है तो वार्ड में सीवर चौक की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा निरीक्षण के दौरान जेडओ रामसेवक शाक्य, पार्षद महेंद्र आर्य, सीवर सेल के नोडल अधिकारी लल्लन सेंगर ठेकेदार नदीम खान सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

पार्षद महेंद्र आर्य की मौजूदगी में चला सफाई अभियान, पार्षद पूरे समय रहे मौजूद- क्षेत्र में सफाई अभियान दिन भर चला पार्षद ने खड़े होकर कोने कोने में सफाई करवाई कई

जगह नालियों पर लोगों ने पटिये (पत्थर) लगा रखे थे जिससे नालियां साफ नहीं हो पातीं थी उन्हें हटवाया चेम्बर में मोटर डलबाकर सफाई की गई एक चेम्बर में पाइप की गहराई कम होने से यह समस्या आये दिन बनी रहती है।

इनका कहना है

लोगों ने अपने दरवाजों पर खुद ही समस्या खड़ी कर रखी है कुछ घरों में तो नालियों पर वाशरूम बना दिये है तो कई जगह नालियों को पूरी तरह से ढक दिया गया है इस कारण नालियों में कचरा जमा हो जाता है और नालियां चौक हो जातीं है में अगर कुछ कहता हूँ तो लड़ने को तैयार हो जाते है चेम्बर का अस्थाई समाधान तो मोटर डलबाकर समय पर करवाता रहता हूँ पार्षद ने कहा कि सीवर सेल के ठेकेदार नदीम खान के मुताबिक हर वार्ड में 3 सफाई कर्मचारी रहते है पर हमारे वार्ड 16 में हमने 3 साल के कार्यकाल में कभी 3 आदमी नहीं देखे मेरे वार्ड में रोज 3 आदमी सफाई करने आते तो शायद आज ये समस्या वार्ड में कभी नहीं आती। **महेंद्र आर्य -पार्षद वार्ड 16**

हरदा की घटना के विरोध में करणी सेना ने कलेक्टर को दिया ज्ञापन

ग्वालियर 14 जुलाई. आज दतिया जिला करणी सेना द्वारा जिला कलेक्टर दतिया को हरदा की घटना को लेकर ज्ञापन सौंपा गया जिसमें पुलिस द्वारा निहत्थे निर्दोष करणी सेना के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं राजपूत छात्रावास के लड़के लड़कियों पर तालिबानी तरीके से लाठीचार्ज की निंदा की गई है। दोषी पुलिस वालों को सस्पेंड कर दंडित करने एवं पूरी घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच कराने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि उचित निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो करणी सेना परिवार सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में उग्र आंदोलन करेगा जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन के दौरान प्रशासन भारी पुलिस बल के साथ अलर्ट रहा। पुलिस की बज्र गाडियां मौजूद रहीं। जिलाध्यक्ष शिरोमणि सिंह सोलंकी ने कलेक्टर के समक्ष अपनी बात रखी।

विधायक सुरेश राजे पानी के बीच धरने पर बैठ गए

ग्वालियर। डबरा में जलभराव और सीवर के पानी से उपजे संकट के विरोध में विधायक सुरेश राजे पानी के बीच धरने पर बैठ गए। 3 घंटे चले धरने के बाद पहुंचे एसडीएम और सीएमओ ने व्यवस्था बनाने और सफाई कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद विधायक सुरेश राजे ने धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया।

अर्जी वाले गणेश मंदिर में चोरी, दान पेटी ले गए चोर

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. शिंदे की छावनी स्थित प्रसिद्ध अर्जी बाले गणेश जी मंदिर में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात चोरी

पीछे के रास्ते से बाउंड्रीवॉल फांदकर घुसे चोर, सीसीटीवी जांच रही पुलिस

हो गई। अज्ञात चोर नौगजा रोड की ओर से मंदिर में पीछे की तरफ से घुसे और दो दान पेटी के ताले तोड़े तथा एक दान पेटी उठाकर ले गए। दान पेटी में करीब 60 हजार रुपए का चढ़ावा रखा होना बताया गया है। सावन के पहले सोमवार

को ही इस तरह मंदिर को चोरों ने निशाना बनाया उससे श्रद्धालुओं की आस्था आहत हुई है। इंदरगंज पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। शिंदे की छावनी पर 350 वर्ष पुराने प्रसिद्ध अर्जी वाले गणेश जी मंदिर में से अज्ञात चोर रविवार रात 12 बजे से सुबह 4 बजे के बीच अंदर आए।

मंदिर में लगी दानपेटी- के ताले तोड़े तथा उसमें रखी रकम निकाल ली। इसके बाद चोरों ने मंदिर में स्थापित भगवान शिव की मूर्ति के पास रखी दान पेटी का ताला तोड़ने की कोशिश की लेकिन उसे तोड़ नहीं पाए। ताला नहीं टूटा तो चोर पूरी पेटी ही ले गए। दान पेटियों में करीब 60 हजार रुपए का चढ़ावा रखा होने की बात कही है। अर्जी बाले गणेश जी मंदिर के पुजारी ललित कुमार सांडिलवाल ने बताया कि रोजाना की तरह रात 10 बजे मंदिर के पट बंद कर दिए थे। चोर पीछे की तरफ से बाउंड्रीवॉल फांदकर अंदर आए और मंदिर का चढ़ावा ले गए। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी लगे हैं, लेकिन अभी तक उनमें कुछ स्पष्ट नजर नहीं आया है। पुलिस सुबह आई थी और जांच-पड़ताल करने के बाद चली गई। सीसीटीवी वाले को बुलाया है जिनके आने के बाद ही पता चलेगा कि चोरी करने वाले कौन है।

नशेड़ी घूमते रहते हैं- अर्जी वाले गणेश जी मंदिर में चोर नौगजा वाले रास्ते से अंदर गए। इस रोड पर दिन में जहां भीड़-भाड रहती है तो रात 10 बजे के बाद यातायात बहुत कम हो जाता है। खल्लासीपुरा वाले मार्ग पर सुबह से रात तक नशेलची और जुआरी वहा हंगामा करते रहते हैं। इनको किसी का डर नहीं है क्योंकि पुलिस के कदम यदा-कदा ही वहां पड़ते हैं। मंदिर में चोरी की घटना के पीछे खल्लासीपुरा वाले मार्ग पर जो नशेलची नशा करते हैं उनका हाथ हो सकता है, ऐसा पुलिस व वहां रहने वाले लोगों का मानना है। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज जांच रही है, जिससे जल्द ही चोरी का खुलासा होने की संभावना है।

जिला अस्पताल में अज्ञात महिला की मौत की गुत्थी उलझी

ग्वालियर 14 जुलाई. जिला अस्पताल में बीमार महिला को इलाज के लिए भर्ती कराने, उसकी मौत होने, युवकों के भाग जाने का मामला पूरी तरह से उलझ कर रह गया है। जिस ऑटो से महिला को लाकर भर्ती कराया गया, पुलिस अभी तक उसका पता नहीं लगा सकी है। युवकों ने जो नाम, पता व मोबाइल नम्बर लिखाए वह तस्दीक करने के बाद फर्जी निकले हैं। न तो नम्बर लग रहा है और न ही महिला लिखाए गए पते की रहने वाली निकली है। मुरार थाना पुलिस ने महिला के शव को मच्युरी में रखवा दिया है।

जिला अस्पताल मुरार में रविवार सुबह 9 बजे के करीब ऑटो से बीमार महिला को लेकर 3-4 युवक पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, कलेक्टर को लिखा कर्मचारियों की परेशानियों को लेकर पत्र

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय में सेवा पुस्तिका अनुमोदन में अनियमितताओ के

संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय में सेवा पुस्तिका को लेकर अनियमितताओ का लगाया आरोप

आरोप वेतन भोगी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष भानु प्रताप चौरसिया एवं सर्व मानव कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय सचिव अमित श्रीवास्तव ने लगाते हुए बताया है कि संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा कार्यालय में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका सर्विस बुक वेरिफिकेशन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि तीन-तीन महीना से पड़ी लंबित फाइलों को लेकर संघ के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त संचालक कोष लेखा कार्यालय में इन अनियमिताओं को लेकर जब हमें अधिकारों से बात करना चाहिए तो उन्होंने मिलने से इनकार कर दिया। भानु प्रताप चौरसिया ने कहा कि लगातार कर्मचारियों को परेशान किया जा रहा है इस स्थिति से प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन सिंह यादव वित्त मंत्री प्रमुख सचिव और संभाग आयुक्त, ग्वालियर जिला कलेक्टर को पत्र भेजकर जानकारी से अवगत कराया गया।

मानव श्रंखला बनाकर कांग्रेस का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. शहर की बदहाल सड़कों और घरों में भरे पानी की समस्या को लेकर सेंकड़ों कांग्रेस जनों ने प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा की अगुवाई मे मानव श्रखंला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया।

सुनील शर्मा ने कहा कि आज शहर का जन जन बेहाल है सड़क गड्ढों मे है या गड्ढों मे सड़क है पता नहीं नलों मे सीवर युक्त गंदा पानी

पीने से लोग बीमार हो रहे। थोड़ी भी बरसात में शहर जलमग्न हो जाता है सीवर का गंदा पानी घरों में भर रहा सड़कों पर भरा है। शर्मा ने कहा कि ग्वालियर को स्मार्ट सिटी बनाने वालो ने बदहाल सिटी बना दिया है। जनता त्रस्त हैं भाजपा मस्त है। शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि शीघ्र समस्या हल करे नहीं तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण कुशवाह, मुनेन्द्र भदोरिया आदि सेंकड़ों की संख्या मे उपस्थित थे।

क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य एवं संयुक्त संचालक शिक्षा से मिले पेंशनर्स, प्रकरणों पर की चर्चा

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 14 जुलाई. पेंशनर्स एसोसिएशन एक मंच एक आवाज मध्य प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल प्रांताध्यक्ष गीता भारद्वाज के नेतृत्व में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य एवं संयुक्त संचालक शिक्षा से मिला और कमलेश निरंजन को 2014 से मिलने वाले तृतीय समयमान वेतनमान पर चर्चा की जो अभितक

नहीं मिला है जब की उनके साथ के कर्मचारियों को तत्सम्य ही दे दिया गया है इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है तथा कर्मचारियों का मनोबल गिरता है तथा दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी को निलंबित कर विभागीय जांच की मांग की। इसी प्रकार संयुक्त संचालक शिक्षा की अनुपस्थिति में हरिओम चतुर्वेदी उपसंचालक से मिलकर आशाराम पुरैया ऑडिटर सेवा निवृत के समयमान का पुनरीक्षण की मांग की। दोनों अधिकारियों से तीन दिवस में कार्यवाही करने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में आर एस तरेटिया कार्यकारी प्रांताध्यक्ष, आर पी कोरी प्रांतीय महासचिव, एस एस जादौन प्रांतीय संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ, श्री शिवनारायण यादव संभागीय अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह अल्पुरिया, आशाराम पुरैया, हुकुमचंद लाचुरिया, करन सिंह पटेरिया, सुशील कुमार कर्गाइयां कमलेश निरंजन जिला अध्यक्ष दतिया आदि उपस्थित रहे

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95